# बारावफात को लेकर एएसपी का पैदल निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था परखी

**अनिल कुमार गुप्ता, वॉयस ऑफ अमेठी**



**उतरौला (बलरामपुर)।** बारावफात (ईद-ए-मिलाद-उन-नबी) के त्योहार को सकुशल, शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। पुलिस अधीक्षक मार्तण्ड प्रकाश सिंह के निर्देशन में जनपदभर में व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। इसी क्रम में बुधवार को अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय ने उतरौला कस्बे का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अपर पुलिस अधीक्षक ने उतरौला कस्बे में निकलने वाले जुलूसे मोहम्मदी के मुख्य मार्गों का पैदल भ्रमण कर मौके पर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने ईदगाह, प्रमुख मस्जिदों, बाजार, चौराहों तथा मिश्रित आबादी वाले संवेदनशील स्थानों पर पुलिस की तैनाती और व्यवस्थाओं को देखा। इस दौरान उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को पूरी सतर्कता के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एएसपी ने सुरक्षा ड्यूटी में लगाए गए पुलिसकर्मियों के पास मौजूद दंगा नियंत्रण उपकरण, बॉडी वॉर्न कैमरा, लाउडहेलर तथा अन्य आवश्यक सुरक्षा उपकरणों को भी चेक किया। उन्होंने निर्देश दिया कि त्योहार के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिसकर्मी पूरी तरह मुस्तैद रहें और जुलूस मार्ग पर लगातार निगरानी बनाए रखें। उन्होंने अधिकारियों और पुलिसकर्मियों से कहा कि संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरती जाए तथा भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाए रखा जाए। जुलूस के दौरान आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए निर्धारित ड्यूटी प्वाइंटों पर पुलिसकर्मी समय से मौजूद रहें और आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। पुलिस प्रशासन की ओर से सोशल मीडिया सहित विभिन्न माध्यमों पर भी निगरानी रखी जा रही है, ताकि किसी प्रकार की अफवाह, भ्रामक सूचना अथवा आपत्तिजनक सामग्री से माहौल प्रभावित न हो। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि शांति व्यवस्था प्रभावित करने वाले किसी भी प्रयास से सख्ती से निपटा जाएगा। बारावफात के मद्देनजर पुलिस की सक्रियता के बीच कस्बे में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद नजर आई। पुलिस अधिकारियों ने स्थानीय लोगों से भी संवाद कर त्योहार को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। बलरामपुर पुलिस ने आमजन से अपील की है कि बारावफात का त्योहार आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाएं। किसी भी संदिग्ध गतिविधि, अफवाह या अप्रिय स्थिति की जानकारी होने पर तत्काल डायल 112 अथवा संबंधित थाना पुलिस को सूचना दें। पुलिस प्रशासन ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है।